# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**NAAC A++**

पत्रांक :– पी०ए०/4097
दिनांक :– 11/09/2025

**सेवा में,**

**समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/आचार्यगण,**

**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि दिनांक 08.09.2025 को जिलाधिकारी महोदय, मेरठ की अध्यक्षता में 'समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान/कार्यक्रम', संपन्न बैठक के निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के नेता जी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में दिनांक 14 से 15 सितम्बर 2025 तक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी महोदय, मेरठ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 14 सितम्बर, 2025 को आयोजित उपर्युक्त कार्यशाला के दोनों सत्रों में (प्रथम सत्र 11:00–01:30 बजे तक, द्वितीय सत्र सायं 04:30–06:30 बजे तक) विश्वविद्यालय के 100–100 बुद्धिजीवियों, रिसर्च स्कॉलरों की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः उपर्युक्त के संबंध में आपसे अपेक्षा है कि आप दिनांक 14.09.2025 को आयोजित उपर्युक्त कार्यशाला में दोनों सत्रों में विभाग के सभी शिक्षकों एवं रिसर्च स्कॉलरों के साथ विश्वविद्यालय परिसर स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में नियत समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

11.9.25

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि :

(1) जिला अधिकारी महोदय, मेरठ।

(2) वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीया कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

(3) वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

**कुलसचिव**